देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 02.05.2025
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार ने चारधाम यात्रा के सुचारू और सफल संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।
- प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 7 हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी होगी।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने नागरिकों से राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से संकल्पित होकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

केदारनाथ कपाट

विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह सात बजे पूरे विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। मंदिर के पुजारी ने बताया कि मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही केदारनाथ की यात्रा शुरू हो गयी है। मंदिर प्रांगण में मौजूद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ धाम सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ ही भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा के सुचारू और सफल संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता के लिए सरकार ने सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं।

कपाट खुलने को लेकर केदारनाथ मंदिर में भव्य सजावट की गई। मंदिर को 108 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया है। भव्य सजावट के बीच कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई, जिसे देख श्रद्धालु अभिभूत नजर आए। तीर्थयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग पर पेयजल, विश्राम गृह, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं समेत सभी मूलभूत व्यवस्थाएं की हैं।

श्री तुंगनाथ

पंचकेदारो में प्रतिष्ठति तृतीय केदार श्री तुंगनाथ के कपाट आज सुबह 10 बजकर पंद्रह मिनट पर विधि विधान से खोल दिये गये। इस अवसर पर श्री तुंगनाथ मंदिर को फूलों से सजाया गया था। कपाट खुलने के अवसर पर मंदिर के पुजारी, हकहकूधारी और श्रद्धालू मौजूद रहें।

बदरीनाथ धाम

श्री बदरीनाथ धाम की यात्रा की परंपराओं के अनुसार बृहस्पतिवार को ज्योतिर्मठ नृसिंह मंदिर में गरुड़ छाड़ मेला का आयोजन किया गया। इस धार्मिक परंपरा के साथ ही बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मान्यता है कि बदरीनाथ यात्रा शुरू होने से पहले भगवान विष्णु गरुड़ में बैठकर बदरीनाथ धाम पहुंचते हैं। मेला का आयोजन देव पूजाई समिति की ओर से किया गया। देवपूजाई समिति के अध्यक्ष भुवन चंद्र उनियाल ने कहा कि यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है।

बदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे।

आंगनबाड़ी नियुक्ति

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 7 हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून के ग्राम पंचायत कंडोली में नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन के उद्घाटन अवसर पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को एक संस्था के रूप में मजबूत करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के काम को सुचारू और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। इसके लिए उन्हें सीयूजी सिम और मोबाइल भी दिए जा रहे हैं।

इस अवसर पर श्रीमती आर्या ने नंदा गौरा योजना और मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के लाभार्थियों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों की प्रतिक्रिया से पता चलता है कि ये दोनों योजनाएं राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने में काफी प्रभावी भूमिका निभा रही हैं।

एक भारत–श्रेष्ठ भारत

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा है कि आज जब हमारा देश तेजी से 'विकसित भारत 2047' की ओर बढ़ रहा है, तब प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से संकल्पित होकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी

बनना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र हमें सिखाता है कि सामूहिक प्रयासों से ही देश की प्रगति संभव है। राज्यपाल ने देहरादून स्थित राजभवन में 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस समारोह में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों की समृद्ध संस्कृ ति और जीवंत परंपराएं हमारे राष्ट्र का अभिन्न अंग हैं।

साम्प्रदायिक संवेदनशीलता

नैनीताल में साम्प्रदायिक संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी वंदना ने कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ, दिन–रात पुलिस गश्त, सत्यापन अभियान और फ्लैग मार्च सुनिश्चित करने को कहा है। जिलाधिकारी ने नमाज स्थलों व संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, साइबर निगरानी बढ़ाने तथा भड़काऊ सामग्री फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के आदेश भी दिए गए हैं। उन्होंन पर्यटकों की सुरक्षा के लिये प्रमुख स्थलों पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

मौसम

राजधानी देहरादून समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सुबह से रुकरुक कर हल्की से मध्यम बारिश जारी है। बारिश से तापमान में गिरावट आने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार छह मई तक प्रदेश में बारिश के आसार हैं। विभाग ने अगले 36 घंटे प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही चार और पांच मई को प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। विभाग की ओर से जारी चेतावनी के मद्देनजर सभी को मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गई है।

इस बीच, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल शाम से हो रही बारिश से जंगलों में लगी आग बुझ गयी है।

और अब रूख करते है–वेव्स सम्मेलन से जुडी खबरों का–

मुंबई में चार दिवसीय वेव्स शिखर सम्मेलन आज दूसरे दिन भी जारी है। वेव्स शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में भारत आज पहली बार ग्लोबल मीडिया संवाद की मेजबानी कर रहा है। वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। कल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस चार दिवसीय सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, ग्लोबल मीडिया संवाद का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है।